(b) if so, the outlines of such move with names of P.S.S. to be covered under the move?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI MURASOLI MARAN): (a) No decision has been taken in this regard so far.

(b) Does not arise.

छोटे उद्योगों के लिए औद्योगिक परिसरों का निर्माण

2086. **श्री राम जेठमलानी :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में अति लघु उद्योगों के सुचारू रूप से संचालन के लिए औद्योगिक परिसरों के निर्माण पर विचार करेगी ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है; और

(ग) यदि हां, तो इन औद्योगिक परिसरों के निर्माण की सरकार की क्या योजना है ?

उद्योग मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) से (ग) लघु उद्योगों तथा अति लघु एककों के विकास तथा संवर्धन का प्राथमिक उत्तरदायित्व राज्य सरकारों का है । भारत सरकार फिर भी, लघु तथा अति लघु उद्योगों को प्रोत्साहित तथा विकसित करने में राज्य सरकार की सहायता करती है । इन पूरक प्रयासों के परिणामस्वरूप सरकार ने एक आधारभूत अवसंरचनात्मक विकास योजना (आई० आई० डी०) शुरू की है । पूरे देश में स्थापित आई० आई० डी० केन्द्र लघु उद्योगों तथा अति लघु एककों को एकत्र करने में एक चुम्बक के रूप में कार्य करेंगे । इन केन्द्रों को विद्युत, संचार सुविधा, बैंकिंग, प्रदूषण नियंत्रण उपाय, बहिःस्राव उपचार इत्यादि प्रौद्योगिकी प्रोत्साहन सेवाओं जैसे आधुनिक आधारभूत सुविधाओं से सम्पन्न किया जायेगा । राज्य सरकार की भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से 3.00 करोड़ रुपये के साधिक ऋण प्राप्त करने की छूट प्रदान करने के साथ प्रत्येक के लिए 2.00 करोड़ रुपये के केन्द्रीय अनुदान के माध्यम से इन केन्द्रों की वित्त व्यवस्था की जाती है । अब तक ऐसे 32 केन्द्रों को मंजूरी दी गई है जो क्रियान्वयन की विभिन्न अवस्थाओं में हैं ।

अति लघु उद्योगों के विकास के लिए नीति

2087. **श्री राम जेठमलानी :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में अति लघु उद्योगों के विकास के लिए एक अलग से नीति बनाने की आवश्यकता है ;

(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) सरकार अति लघु उद्योगों के लिए नीति घोषित करने का निर्णय कब तक लेगी ?

उद्योग मंत्री (श्री मुरासोली मारन) : (क) से (ग) जी, हां सरकार देश में अति लघु उद्योगों के विकास के लिए एक अलग नीति की आवश्यकता से परिचित हैं । तदनुसार अति लघु क्षेत्र के लिए पैकेज के ब्यौरे तैयार किए जा रहे हैं । अति लघु क्षेत्र के लिए पैकेज को अंतिम रूप दिये जाने पर घोषित किया जायेगा ।

Targets and achievement regarding disinvestment in PSUs

2088. DR. D. VENKATESHWAR RAO: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) the targets and achievement regarding disinvestment in public sector undertakings during 1995-96 and 1996-97;

(b) the reasons for falling short of